संक्षिप्त

स्वागत किया गया

रतनगढ़ (निसं) स्थानीय राजकीय जिला चिकित्सालय में पीएमओ पद पर कार्यरत डॉक्टर संतोष आर्या के सेवानिवृत होने पर डॉ सुरेंद्र कुमार ने पीएमओ का पदभार ठाहण कर लिया। पदभार ठाहण करने पर कार्मिकों द्वारा नए पीएमओ का स्वागत किया गया। डॉ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार कर मरीजों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले इसके प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि रुग्ण मानवता की सेवा के लिए संचालित राजकीय अस्पताल में मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए ।इसी क्रम में सनातन सेवा न्यास द्वारा आज डॉक्टर्स डे पर नव नियुक्त पीएमओ का साफा माला दुपट्टा व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया वरिष्ठ चिकित्सकों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर सनातन सेवा न्यास बीकानेर संभाग अध्यक्ष नंदकिशोर कंदोई, डॉ.महेंद्र घोड़ेला, उमाशंकर शर्मा, विनोद प्रजापति,भूपेंद्र सिंह, बजरंग प्रजापत, संजय कुमार, भूपेंद्र सिंह आदि गणमान्य जन उपस्थित थे।

सीए एवं डॉक्टर्स का सम्मान किया

झुंझुनूं, । लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में डॉक्टर्स डे एवं सीए दिवस पर डॉक्टर्स एवं सीए का दुपट्टा ओढाकर माल्यार्पण के साथ प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। डॉक्टर्स में डॉ. अनिल महलावत, डॉ. संदीप महला, डॉ. संजय कटेवा, डॉ. मुकेश बेनीवाल, डॉ. त्रिवेणी शर्मा, डॉ. सारिका अठावाल, डॉ. मोहम्मद असलम, चार्टर्ड एकाउंटेंट में सीए लोकेश शर्मा, सीए मनीष मित्तल एवं सीए अंकुर हलवाई का सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, क्लब सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड़, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन शिवकुमार जांगिड़ एवं लॉयन शकुंतला पुरोहित उपस्थित थे।

पौधारोपण कर सेवा सप्ताह की शुरूआत

झुंझुनूं, । बुधवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल झुंझुनूं ने प्रांत धर्माचार्य सह संपर्क प्रमुख रामानंद पाठक के सानिध्य एवं जिला मंत्री जयराज जांगिड़ की अध्यक्षता व बजरंग दल जिला संयोजक सुशील प्रजापति के नेतृत्व में सिद्ध श्री वीर हनुमान मंदिर, मादियों जाव, नमन सिटी में पौधारोपण कर सेवा सप्ताह की शुरूआत की गई। जिसमें एक से सात जुलाई तक पूरे जयपुर प्रांत में सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्य विश्व हिंदू परिषद के वार्षिक कार्यों में एक है। इस मौके पर नगर संयोजक पिंटू कुमावत, मिलन प्रमुख सोनू कुमावत, पार्षद अशोक प्रजापति, रोहन सैनी, मनोज कुंडलवाल, मनोज कुमावत, गौरव सोनी, मुकेश शर्मा, रतनलाल शर्मा, पार्षद संजय पारीक, लक्ष्मीकांत डूलगच, मनोहर धूपिया, संदीप हिसारिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशिक्षणार्थी का ब्रांड एंबेसडर के लिए चयन

बगड़, । शिवओंकार माहेश्वरी तकनीकी संस्थान बगड़ के पूर्व प्रशिक्षणार्थी का जिला स्तरीय ब्रांड एम्बेसडर 2025 के लिए चयन हुआ। संस्थान अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष कौशल, नियोजन एवं उद्यिमता विभाग, राजस्थान द्वारा जिले की आईटीआई में सें रोजगार-स्वरोजगार में श्रेष्ठ उपलब्धि हासिल करने वाले प्रशिक्षणार्थी का ब्रांड एंबेसडर के लिए चयन किया जाता हैं। इस वर्ष संस्थान के इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय के पूर्व प्रशिक्षणार्थी नितेश का जिला स्तर पर ब्रांड एंबेसडर के लिए चयन हुआ। नितेश ने सत्र 2018-20 में संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त किया है एवं वर्तमान में सीआरपीएफ में कार्यरत है। नितेश ने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान में दिए गए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं गुरूओं के मार्गदर्शन को बताया एवं युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जुड़कर उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए-प्रोत्साहित किया।

आज निकलेगा अलमसद्दे का जुलूस

झुंझुनूं, । मोहर्रम को लेकर अलमदार अब्बास की याद में तीन जुलाई गुरुवार को मातमी धुनों के बीच अलमसद्दे का जलूस निकाला जाएगा। ये जानकारी देते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि अलमसद्दे का ये जलूस दोपहर दो बजे मोहल्लाह बटवालान से आलम लेकर मोहल्लाह पीरजादान मोहर्रम के लाइसेंसधारी उस्मान मोहम्मद फारूकी की अगुवाई में शाम चार बजे इमाम हुसैन की याद में मर्सिया पढ़ने के बाद मोहल्ला पीरजादान से शुरू होगा।

नामांकन वृद्धि व हरियालो राजस्थान अभियान पर रहा विशेष फोकस

■ नीमकाथाना में ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक सम्पन्न

पाटन । राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के निर्देशानुसार बुधवार को माह जुलाई की ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सीकर सुरेंद्र सिंह शेखावत ने क्षेत्र के समस्त संस्था प्रधानों को विद्यालय स्तर पर डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाकर नामांकन वृद्धि हेतु योजनाबद्ध प्रयास करने के निर्देश दिए। शेखावत ने प्रवेशोत्सव अभियान के द्वितीय चरण के लिए जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन सर्वे की फीडिंग करते हुए वहां प्रदर्शित विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ना अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने नीमकाथाना ब्लॉक को प्रदेश रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सभी शिक्षकों व कार्मिकों को बधाई दी। बैठक में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समठा शिक्षा सीकर राकेश लाटा ने राज्य सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम हरियालो राजस्थान के तहत मानसून में अधिकाधिक वृक्षारोपण पर जोर देते हुए कहा कि जियो टैगिंग के साथ आवंटित लक्ष्य की पूर्णता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि नीमकाथाना के लिए प्रीतमपुरी नर्सरी से पर्याप्त पौधों की व्यवस्था की गई है। नीमकाथाना के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने ब्लॉक रैंकिंग से संबंधित सभी बिंदुओं पर विश्लेषण प्रस्तुत किया और शाला दर्पण पोर्टल के मॉड्यूल्स को समय-समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए।एसीबीईओ बाबूलाल सैनी ने हाउसहोल्ड सर्वे व डिजिटल प्रवेशोत्सव की विस्तार से जानकारी दी। वहीं आरपी शशिकांत शर्मा ने समठा शिक्षा की योजनाएं, आधार व जनाधार प्रमाणीकरण, ज्ञान संकल्प पोर्टल पर अंशदान तथा इंस्पायर अवार्ड हेतु विद्यार्थियों के नामांकन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रजनीश कुमार शर्मा ने उल्लास - नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत लर्नर्स के लक्ष्य, कक्षाओं के संचालन (ऑनलाइन/ऑफलाइन) से जुड़ी आवश्यक जानकारी साझा की।इसके अतिरिक्त बैठक में तंबाकू मुक्त विद्यालय अभियान, मिशन कर्मयोगी, आपणी लाडो योजना, आईसीटी लैब निस्तारण, राजसिम्स पोर्टल खाद्यान्न अपडेशन, मिड डे मील, बाल गोपाल योजना, सेनेटरी नैपकिन व पिंक-ब्लू टैबलेट वितरण आदि विषयों पर भी गहन चर्चा की गई।विकास अधिकारी ने संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में रिपेयर योग्य शौचालय, मूत्रालय एवं बारिश में टपकती छतों के मरम्मत प्रस्ताव ग्राम पंचायत व पंचायत समिति को शीघ्र भिजवाएं।इस अवसर पर कार्यवाहक सीडीपीओ चिमनलाल, आरपी दिनेश कुमार मेहरा, कार्यक्रम अधिकारी मुकेश निठारवाल सहित कुल 53 संस्था प्रधान बैठक में उपस्थित रहे। बैठक सकारात्मक संवाद, योजनाओं की समीक्षा और आगामी लक्ष्यों को लेकर उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

जलभराव समस्या का होगा निदान

तारानगर। तारानगर के भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने तारानगर शहर के वार्ड 02 में स्थित ड्रैनेज पर करीब 50 लाख रूपए की लागत से ड्रैनेज का विस्तार, पुननिर्माण एंव पाइपलाइन के कार्य का शुभारंभ किया। जांगिड़ ने बताया कि शहर के आथुणा मोहल्ला में बरसाती पानी जलभराव की एक महती समस्या थी, बरसात के समय नवीन स्कूल एंव मोहल्ले में अनेक घरों में पानी घुस जाता था जिससे बड़ा नुक़सान होता था। शहरवासियों की मांग अनुसार पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने करीब 50 लाख रूपए स्वीकृत कर शानदार सौगात दी है, जिसका कार्य शुरू हो चुका है। कार्य पूर्ण होने पर बरसाती पानी की निकासी अतिशीघ्र हो जाएगी जिससे शहरवासियों एंव आमजन को राहत मिलेगी। लायंस क्लब सीकर कल्याण धणी द्वारा डॉक्टर्स और सीए डे पर शहर के गणमान्य डॉक्टर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया।

इंदिरा पार्क में तुलसी लगे गमलों का वितरण

झुंझुनूं, । चूणा चौक विकास समिति की प्रेरणा से लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी लगे गमलों का वितरण श्रीमती गिन्नी देवी राधावल्लभ खेतान ट्रस्ट के सौजन्य से बुधवार सुबह 6.30 बजे राणी सती रोड स्थित इंदिरा पार्क में चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित एवं योग प्रशिक्षक नेकीराम धुपिया के सान्निध्य में किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इस अवसर पर तुलसी लगे गमलों का वितरण चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित, संरक्षक डॉ. डीएन तुलस्यान, शुभकरण चोपदार, मूलसिंह किसनावत, पवन शर्मा टाइपिस्ट, जितेंद्र खाजपुरिया, दिवाकर शर्मा, सुभाष पुरोहित, नीरज गोयल, राजेंद्र सोनी, श्रवण रिंगसिया, किशोर जांगिड़, प्रेम स्वामी, रवि पंसारी, डॉ. अनिता सैनी, डॉ. गुप्ता, मंजू टीबड़ा सहित चूणा चौक विकास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा पार्क में प्रति दिवस प्रात: योग में भाग लेने वाले पुरुष एवं महिला उपस्थिति थे। विदित है कि तुलसी लगे गमलों का पिछले कई वर्षों से लगातार वितरण किया जा रहा है एवं शहर की चुनिंदा विभिन्न एरिया एवं विभिन्न कॉम्प्लेक्सों में वितरण किया जाएगा।

मानसून के बाद नर्सरियों में बढ़ी पौधों की बिक्री

■ जिला मुख्यालय पर तीन नर्सरियों में तैयार किए गए 1 लाख 53 हजार पौधे, आमजन को 6 से 75 रूपये में मिल रहे हैं पौध

चूरू । जिला मुख्यालय पर मानसून शुरू होते ही पौधों की बिक्री परवान चढ़ने लगी है। यहां 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से ही पौधों का वितरण शुरू किया गया था, जो अगस्त तक जारी रहेगा। उपवन संरक्षक वीरेंद्र सिंह कृष्णिया ने बताया कि जिला मुख्यालय पर तीनों नर्सरियों में कुल 1 लाख 53 हजार पौधे तैयार किए गए थे, जिसमें आपणी योजना नर्सरी में 83 हजार, गाजसर नर्सरी में 50 हजार और नेचर पार्क स्थित मुख्यालय नर्सरी में 20 हजार पौधे तैयार किए गए थे। जिनकी बिक्री दिन प्रतिदिन बढ़ रही है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि इसमें मुख्यत: अर्जुन, नीम, पपीता, अनार, सहजनाम, खेजड़ी, अलड़ू, फोग, शीशम, बरगद, फ्रांस, पीपल, जामुन, चमेली, चंपा सहित अनेक फलदार व छायादार पौधें तैयार किए गए हैं। शर्मा ने बताया कि अगस्त माह में होने वाले हरियालो राजस्थान के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ इस बार तारानगर रोड़ स्थित नगर वन बी में किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में पौधरोपण कर इनकी देखभाल की जिम्मेदारी का संकल्प दिलाया जाएगा। शर्मा ने बताया कि आमजन को सस्ती दरों पर छायादार और फलदार पौधे दिये जा रहे हैं।

गीष्मकालीन अभिरूचि कला कौशल शिविर संपन्न

■ अभिरूचि शिविर में सीखे हुए कौशल को जीवन में उतारें- सिंघानिया

झुंझुनूं,। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला स्तरीय ठीष्मकालीन अभिरूचि कला कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह स्काउट गाइड जिला उप प्रधान विनोद सिंघानिया के मुख्य आतिथ्य में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि ठीष्मकालीन कला कौशल शिविर का प्रारंभ 17 मई से किया गया। जिसमें 250 से अधिक स्काउट गाइड्स एवं अन्य विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। शिविर में मेहंदी, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, कढ़ाई बुनाई, हस्तकला, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, स्केटिंग, स्पोकन इंग्लिश, नृत्य एवं स्काउट गाइड की अन्य विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीओ स्काउट कालावत ने बताया कि शिविर में सुनिता बेनीवाल, पिंकी धायल, विजेता कुमारी, वंदना देवी, गीता सैनी, रामचंद्र मीणा, जसवंतसिंह मीणा, समदरलाल सैनी, दिनेश कुमार ने प्रशिक्षण देने में दक्ष प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। समापन समारोह कार्यक्रम का संचालन सीओ गाइड सुभिता महला ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए समाजसेवी एवं स्काउट गाइड जिला उप प्रधान विनोद सिंघानिया ने कहा कि बालक बालिकाओं को यहां पर सीखी गई विभिन्न विधाएं एवं कौशल को अपने जीवन में उतार कर अपने आप को आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर अभिरुचि शिविर में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशेष उपलब्धि प्राप्त करने पर एडवोकेट सिमोना को भी सम्मानित किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले अन्य छात्र-छात्राओं एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

सरकारी योजनाओं में दिखा उत्साह, शिविर आयोजित

लक्ष्मणगढ शेखावाटी 01 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सरकारी योजनाओं में ग्रामीण जनों में उत्साह दिखा।। मंगलवार को लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों भूमा बडा, बादुसर व जसरासर ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किया गया ।शिविर में 1066ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारूक अली, नायब तहसीलदार बाबूलाल, पंचायत समिति की विकास अधिकारी रोमा सहारण सहित विभिन्न विभागीये अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया।

उपखंड अधिकारी मोहरसिंह मीणा ने बताया कि मंगलवार को आयोजित शिविर में रास्ता प्रकरण के 35 निस्तारण, एनएफएसए 3 आवेदन का निस्तारण, 360 पशुओं के टीकाकरण, 586ग्रामीणों की मेडिकल जांच टीबी, बीपी, शुगर, 15 जलाशयों की साफ-सफाई, 286 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण, हरयालो राजस्थान अभियान के तहत 652 पौधे लगाए, झुलते बिजली के तारों के 8 प्रकरण का निस्तारण, , 40मामले सीमा ज्ञान के निस्तारण,20 प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना 20व 14 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किए गए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े शिविरों की समुचित निगरानी एवं संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गया है।

मातृशक्ति प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण वेबिनार का आयोजन

सीकर। महर्षि दधीचि जन कल्याण संस्थान के मातृशक्ति प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार की अध्यक्षता मातृशक्ति प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. किरण आचार्य ने की। उन्होंने बताया कि महिलाओं को प्रेम एवं सेवा किस प्रकार से सशक्त बना सकती है, इस विषय पर वेबिनार में विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। मुख्य वक्ता विष्णु दधीचि और विशेष अतिथि श्रीमती शकुंतला शर्मा ने महिलाओं की जागरूकता को सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी बताया और जानकारी दी कि जब महिलाएं स्वयं को पहचानती हैं तभी वे समाज में सार्थक भूमिका निभा सकती हैं।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीमती नेहा व्यास और डॉ. कृष्णा कांत दाधीच ने भी अपने विचार साझा किए। इन्होंने बताया कि महिलाओं का कार्यक्षेत्र अब घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर डिजिटल युग की ओर बढ़ रहा है। इस वेबिनार में वरिष्ठ समाजसेवी संतोष व्यास, सीकर से वरिष्ठ पत्रकार शिवानी तिवाड़ी, दर्शनी ,आरती गहलोत, शुभदा, एवं अनेक मातृशक्ति सदस्यों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के संयोजक अशोक आचार्य ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और मानसिक बल से ही समाज का सम्पूर्ण विकास संभव है। सह-संयोजक अर्चना त्रिपाठी ने जानकारी दी कि इस वेबिनार में भारत के लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि राज्यों की महिलाओं ने सहभागिता की। डॉ. किरण आचार्य ने कहा कि यह पहला कदम है भविष्य की ओर।

मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने ली बैठक

■ कहा- वृद्धजन संतान अथवा नजदीकी रिश्तेदारों से कर सकते हैं भरण पोषण की मांग

झुंझुनूं, । मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने अपने दो दिवसीय दौरे में बुधवार को झुंझुनूं कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की मौजूदगी में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्होंने इस वर्ष की थीम सीनियर सिटीजन यानी वरिष्ठ नागरिकों के बारे में बताते हुए कहा कि बहुजन अपने बच्चों व रिश्तेदारों से आवश्यक होने पर भरण पोषण की मांग कर सकते हैं। वृद्धजन संतान को संपत्ति हस्तान्तरित करने के बाद सेवा सुश्रुषा नहीं होने पर डीड निरस्त भी करवा सकते हैं। इसके अलावा सीनियर सीटीजन मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल (एससीएमटी) के जरिए एसडीएम को भी समस्या होने पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने इस संबंध में सेमीनार करवाने के निर्देश भी दिए। गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अपील के लिए दिल्ली आने, वकील अथवा किसी प्रकार के शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन भी सहायता ली जा सकती है। गोयल ने बैठक में पेयजल व्यवस्था, मिड डे मील, कैदियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश किए। उन्होंने जिले में मानवाधिकारों के पालन की बात कही।

देवरोड़ में स्कूली बच्चों से किया संवाद

इससे पहले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने पिलानी के देवरोड़ में पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर वहां छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने मानवाधिकार के बारे में जागरुक करते हुए विद्यार्थियों के विभिन्न सवालों का जवाब दिया। इसके बाद सर्किट हाऊस में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने झुंझुनूं दौरे के उद्देश्यों के बारे में भी बताया। उन्होंने शाम को बाल अधिकारिता विभाग कार्यालय एवं राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह का दौरा भी किया।

झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई में बेस्ट परफॉर्मर्स को किया सम्मानित

■ नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को जून माह में किए गए रचनात्मक, अनुशासनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा सम्मानित किया गया

झुंझुनूं, । झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल में बुधवार को परंपरागत तरीके से कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को जून माह में किए गए रचनात्मक, अनुशासनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त विद्यालय में नियमित उपस्थिति, व्यवहार, विद्यालय गणवेश, धारा-प्रवाह अंठोजी बोलना इत्यादि वर्गों में भी विद्यार्थियों को शानदार प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। बेस्ट डिसिप्लिन कैटेगरी में खुशवंत, हर्षित, रंगत, मोहित, राधिका, चाहत व कियान, बेस्ट हाइजीन कैटेगरी में मयंक, मोहित, हिमांक व सृष्टि, बेस्ट स्पोकन इंग्लिश कैटेगरी में तन्वी, अगस्त्य, ध्रुव व आस्था, बेस्ट अटेंडेंस कैटेगरी में अक्षत, दीपेन, चित्राक्ष, कुनाल व अलवीरा, बेस्ट बिहेवियर कैटेगरी में सान्या, दिव्यांशु, परमित व सानवी, बेस्ट हैंडराइटिंग कैटेगरी में ऋषभ, अलीशा, हिमांशी व प्रियम, इम्प्रूवमेंट हैंडराइटिंग कैटेगरी में यश, सोफिया, राजश्री, खुशांश इम्प्रूवमेंट एकेडमिक कैटेगरी में हार्दिक, लविक देव, रोनित व काव्या तथा बेस्ट मेंटर कैटेगरी में रिद्धि, पारस, वंश आदि का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा तथा सभी को मेरिट बैज लगाकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी में हर माह एकेडमिक्स के अतिरिक्त विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों का उत्साह एवं उनमें प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। हर महीने विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह बना रहता है। हजारों विद्यार्थियों की संख्या में इस तरह का सम्मान पाकर विद्यार्थी गर्वानुभूति करते हैं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं। कार्यक्रम में स्कूल उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि सहित सभी अध्यापक -अध्यापिकाएं उपस्थित थे।

धूमधाम से जन्मदिन मनाया

रतनगढ़ (निसं)ग्राम विकास अधिकारी उपशाखा रतनगढ़ के शाखा मंत्री पवन कड़वासरा का पंचायत समिति परिसर में उनके मित्रों द्वारा केक काटकर एवं अन्नपूर्णा रसोई में 101 व्यक्तियों की पर्ची कटा कर गरीबों को भोजन खिलाया। एवं साथी कर्मचारियों ने मंत्री महोदय को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दिलीप सिहाग,अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह, यूडीसी अनिल, ग्राम विकास अधिकारी हिम्मतसिंह जाखड़ ने ग्राम वासियों को पेड़ पौधे वितरित किए।अरुण राजपुरोहित,रोहित शर्मा, हितेश शर्मा,मनोज चारण,हरीश स्वामी, पवनसिंह, राकेश राणा ने पवन के जन्मदिन पर सभी को स्पेशल केसर चाय पिलाई और ईमित्र संघ के अध्यक्ष ईश्वर राम श्योराण ने गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया और भी अन्य साथी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

शिविर में ग्रामीण हो रहे हैं लाभान्वित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्रामीण जन लाभान्वित हो रहे हैं। सोमवार को लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों धाननी, अलखपुरा बोगन व बगड़ी में शिविर आयोजित किया गया जिसमें शिविर में 1146ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारूक अली, नायब तहसीलदार बाबूलाल, पंचायत समिति की विकास अधिकारी रोमा सहारण सहित विभिन्न विभागीये अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया। उपखंड अधिकारी मोहरसिंह मीणा ने बताया कि सोमवार को आयोजित शिविर में रास्ता प्रकरण के 19 निस्तारण, एनएफएसए 3 आवेदन का निस्तारण, 400 पशुओं के टीकाकरण, 763ग्रामीणों की मेडिकल जांच टीबी, बीपी, शुगर, 15 जलाशयों की साफ-सफाई, 235 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण, 64 पेंशनर्स सत्यापन किए गए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े शिविरों की समुचित निगरानी एवं संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गया है।

डीपीएस डूंडलोद के एल्यूमनाई योगेश कुमार का एशियन चैम्पियनशिप के लिए चयन

डूंडलोद,। डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के पूर्व छात्र योगेश कुमार पुत्र बलबीर सिंह ने एक बार फिर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। योगेश का चयन आगामी एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। जो 13 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक कजाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। योगेश 50 मीटर फ्री पिस्टल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के सचिव बीएल रणवां ने बताया कि विद्यालय अपने इस होनहार पूर्व विद्यार्थी को इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए स्पॉन्सर करेगा। संस्था की ओर से योगेश को एक लाख रूपए का चैक भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर संस्था सचिव बनवारीलाल रणवां ने योगेश को चैक प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि डूंडलोद पब्लिक स्कूल अपने विद्यार्थियों को हमेशा हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मांग को लेकर विप्र इंडिया वेलफेयर फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

चिड़ावा,। विप्र इंडिया वेलफेयर फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजा है। विप्र इंडिया वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक अनिल शर्मा भारती ने बताया कि चिड़ावा निवासी सुभाषचंद्र व्यास ने बुधवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार कमलदीप पूनियां को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से चिड़ावा के सुभाषचंद्र व्यास को लोकतंत्र सैनानी का दर्जा देने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1975 में लगे आपातकाल के दौरान सुभाषचंद्र व्यास को 13 नवंबर को 1975 को सूचना प्रसारित करने और समाचार पत्र वितरण के कारण गिरफ्तार किया गया था। उन्हें बिना किसी अपराध के सिद्ध हुए 32 दिन तक जेल में रखा गया और 16 दिसंबर को 1975 को रिहा किया गया। उन्हें लोकतंत्र सैनानी घोषित कर पेंशन योजना में शामिल किया जाना चाहिए ताकि उनके योगदान को उचित सम्मान मिल सके। इस दौरान समाजिक चिंतक महेश आजाद, अजय चौमाल, अशोक शर्मा, नवीन सोनी, पवन शर्मा, सीएस सुनील शर्मा, कृष्ण कुमार, राजेश कुमावत, बिट्टू निर्मल, तमोहर गौड़, सुनिल व्यास आदि मौजूद रहे।

फिल्म के पोस्टर का विमोचन

झुंझुनूं, । सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने जयपुर में राजस्थानी फिल्म म्हारो श्याम का विमोचन किया। इस अवसर पर फिल्म के निर्माता एनके मित्तल, निर्देशक अभिनेता मंजूर अली कुरैशी, फिल्म की नायिका प्रिया राजपूत तथा फिल्म में डॉक्टर का रोल निभा रहे रियाज़ फारुकी मौजूद रहे। उन्होंने मंत्री का मरला पहनाकर स्वागत किया। फारूकी ने बताया कि यह फिल्म जन्माष्टमी पर जयपुर के राजमंदिर सिनेमा सहित पूरे देश प्रदेश में रिलीज होगी।

शहीद परिवार व वीरांगना का किया सम्मान

पिलानी,। शिव कॉलोनी में बुधवार को कारगिल से आए 21 जाट रेजीमेंट के जवानों ने 1999 की कारगिल की युद्ध में शहीद होने वाले बजरंगलाल में के घर पहुंचे। जिसमें वीरांगना राजकुमारी को कारगिल का प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया। इस मौके पर यूनिट की जवानों ने कहा कि पूरी फौज शहीद परिवार के साथ है। शहीद वीरांगना को प्रतीक चिह्न देते समय शहीद जवानों की आंखें भी नम हुई। इस मौके पर देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी व्यर्थ नहीं जाने देंगे। इस मौके पर नायक सूबेदार राजपाल, नायक नवीन बंगा, नायक रवि, लांस नायक जोगिंदर मौजूद थे। आपको बता दें कि बजरंगलाल 1999 की भारत पाकिस्तान की लड़ाई में शहीद हो गए थे।

जन्म दिन सेवा के रूप में मनाया

सीकर ।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का जन्म दिन बुधवार को भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सेवा करते हुए मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गोपीनाथ गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड़, रोटी आदि खिलाया और श्रमदान किया। भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष के जन्म दिन पर पौ